हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 5 मई 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 भाजपा कार्यकर्ता जीत पर खूब थिरके...



07 व्यापारियों का प्रदर्शन, टूटे शेडों के पुनर्निर्माण...



## खबर संक्षेप में

### मां बगलामुखी मंदिर पर मिर्ची हवन पूर्णतः प्रतिबंधित

**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर परिसर में मिर्ची हवन पूर्णतः प्रतिबंधित है। मिर्ची हवन व ऑनलाइन हवन के नाम पर किसी श्रद्धालु से यदि कोई धोखाधड़ी करता है तो इसकी सूचना प्रशासन को दें। जानकारी देते हुए तहसीलदार एवं मां बगलामुखी प्रबंध समिति सचिव ने बताया कि हाल ही में यह जानकारी सामने आई है कि असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मिर्ची हवन एवं ऑनलाइन हवन के नाम पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं से धोखाधड़ी की जा रही है। मंदिर प्रबंधन समिति का इस प्रकार की किसी भी गतिविधि से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं आमजन से निवेदन है कि ऐसे भ्रामक विज्ञापनों एवं झूठे प्रचार से सावधान रहें तथा किसी भी प्रकार की जालसाजी में न फंसे। मंदिर में होने वाली सभी धार्मिक गतिविधियां केवल अधिकृत पंडितों एवं निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही संपन्न होती हैं।

### 10 मई तक मनाया जाएगा अग्नि सुरक्षा सप्ताह

**सीहोर।** स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार देशभर में 4 से 10 मई तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष की अग्नि सुरक्षा सप्ताह की थीम सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज आग की रोकथाम के लिए एक साथ रखी है।

## टीएल बैठक में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

# जनगणना कार्यों को त्रुटिरहित और समय-सीमा में पूर्ण करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना-2027 से संबंधित सभी कार्य पूर्ण गंभीरता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्धारित समय-सीमा में त्रुटिरहित पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनगणना कार्य में संलग्न सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में जनगणना कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनगणना संबंधी एंट्री एवं मैपिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रविष्टियां समय-सीमा में पूर्ण कराई जाएं तथा प्रतिदिन शाम को गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित कर फील्ड स्तर पर सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना-2027 के अंतर्गत जिन



अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनकी ड्यूटी किसी भी स्थिति में निरस्त नहीं की जाएगी। अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही सक्षम अधिकारी से नियमानुसार अवकाश स्वीकृत कराया जा सकेगा।

### ग्राम चौपाल में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा

कलेक्टर ने विगत दिवस ग्राम मोड़ी में आयोजित ग्राम चौपाल के दौरान प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने बिजली, भूमि संबंधी प्रकरण, सड़क निर्माण, पशु चिकित्सालय के संपर्क नंबर प्रदर्शित करने, कचरा वाहन संचालन तथा गौशालाओं में गायों को रिफ्लेक्टर लगाए जाने संबंधी आवेदनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। एक प्रकरण में निराकरण कार्यवाही लंबित पाए जाने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी अधिकारी नागरिकों की समस्याओं को संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ हल करें।

### राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने राजस्व विभाग की विस्तृत समीक्षा करते हुए नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन जैसे लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में प्रकरणों का निराकरण नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। साथ ही आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का 8 मई तक शत-प्रतिशत निराकंरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का त्वरित समाधान करें

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संसाधन, राजस्व एवं परिवहन विभाग सहित डी ग्रेड में शामिल विभागों को ए ग्रेड में लाने हेतु प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा से बाहर लंबित शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को अगली टीएल बैठक में पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिन शिकायतों का संबंध एक से अधिक विभागों से हो, उनमें आपसी समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में समग्र केवाईसी, जनसुनवाई प्रकरण, हिट एंड रन मामलों तथा जल जीवन मिशन की भी समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ, जिला पंचायत बीएस सोलंकी अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिंद ढोंके, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत का कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**नलखेड़ा।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत का नगर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। सोमवार को विधानसभा चुनाव के रुझानों में जैसे जैसे पश्चिम बंगाल में भाजपा की सीटें बढ़ती जा रही थीं वैसे वैसे भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ता जा रहा था। दोपहर 12 बजे से कार्यकर्ताओं द्वारा चौक बाजार, शिवाजी चौराहा सहित अन्य स्थानों पर जमकर आतिशबाजी की गई। डीजे व ढोलक की थाप पर झंडे लहराते हुए देर तक थिरकते रहे। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा की प्रचंड जीत भारत की जीत है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत है। अब बंगाल में भाजपा का सुशासन होगा, जहां महिलाएं, व्यापारी, युवा सभी सुरक्षित होंगे। भाजपा की जीत का जश्न तहसील के विभिन्न ग्रामों में भी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया।



## अधिकारियों ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के सभी उपार्जन केंद्रों पर उपार्जन कार्य के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों द्वारा उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों ने श्यामपुर स्थित पवनपुंज वेयर हाउस, चरनाल स्थित मारुतिनंदन वेयरहाउस, महोड़िया स्थित ओम वेयरहाउस, कान्याखेड़ी स्थित पटेल वेयरहाउस, खजूरिया कला स्थित सीताराम वेयरहाउस, मानपुरा स्थित श्री कृष्णा वेयरहाउस, संग्रामपुर वेयरहाउस, पीलूखेड़ी स्थित गायत्री वेयरहाउस और टकीपुर स्थित वेयरहाउस सहित अनेक उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने केंद्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं जैसे पेयजल, शेड एवं अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की और निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



इसके साथ ही केन्द्रों पर प्रतीक्षारत किसानों की तौल प्रक्रिया को तेज करने के लिए उपार्जन संस्थाओं को टोकन जारी करने तथा तौल कांटों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

## गणेश टायर ने इंटीग्रिटी सल्युशन को 188 रन के अंतर से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर विमला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में गणेश टायर ने इंटीग्रिटी सल्युशन को 188 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में गणेश टायर की ओर से आदर्श राय ने 70 गेंद पर 18 चौके और छह छक्कों की मदद से 136 रन, राज कुशवाहा ने 55 गेंद पर 96 रन, आदित्य अग्रवाल ने 34 गेंद पर 82 रन, जितेन्द्र जायसवाल ने 28 रन, पूर्वेश 12 रन, इशान 14 रन बनाए थे। मैन ऑफ द मैच आदर्श राय रहे।

डीसीए के मीडिया प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी गणेश टायर ने 39.2 ओवर में 428 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसमें सबसे अधिक रन आदर्श राय ने 136 रन बनाए थे। वहीं इंटीग्रिटी सल्युशन की ओर से गेंदबाजी करते हुए बिलाल दुलारे मियां-दर्शिल समाधिया ने 3-3 विकेट, रोहन चंद्रवंशी-विपिन वर्मा और सक्षम ने एक-एक विकेट लिए। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंटीग्रिटी सल्युशन की पूरी टीम 34.5 ओवर में 240 रन में सिमट गई।

इसमें बिलाल दुलारे मियां ने 50 रन, हितेश ने 28 रन, भविष्य त्यागी ने 16 रन, रोहन चंद्रवंशी ने 30 रन, विपिन वर्मा ने 36 रन, अनंत ने 21 रन और सक्षम ने 16 रन की पारी खेली। इधर गणेश टायर की ओर से गेंदबाजी करते हुए नमन ने 5.5 ओवर में 40 रन देकर चार विकेट, आदित्य ने दो विकेट और मनीष परमार, अतुल और राज कुशवाहा ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## सीहोर को मिली पहली महिला एसपीः आईपीएस सोनाक्षी सक्सेना संभालेंगी जिले की कमान

### दीपक शुक्ल की जगह भोपाल डीसीपी इंटेलिजेंस सोनाक्षी सक्सेना बनीं सीहोर एसपी
### पूर्व डीजीपी सुधीर सक्सेना की बेटी, पिता की रिटायरमेंट परेड का किया था नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के पुलिस इतिहास में नया अध्याय जुड़ गया है। जिले को पहली बार महिला पुलिस अधीक्षक मिली है। मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग द्वारा देर रात जारी तबादला सूची में आईपीएस सोनाक्षी सक्सेना को सीहोर का नया एसपी नियुक्त किया गया है। उन्होंने दीपक शुक्ल का स्थान लिया है।



**सीहोर पुलिस के इतिहास में पहली बार महिला कप्तान :** अब तक सीहोर जिले की पुलिस की कमान पुरुष पुलिस अधीक्षकों के पास ही रही है। यह पहला मौका है जब किसी महिला अधिकारी को सीहोर एसपी की कमान सौंपी गई है। दिलचस्प बात यह भी है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के बाद अब जिले की पुलिस कप्तान भी महिला होंगी।

### जानें कौन हैं आईपीएस सोनाक्षी सक्सेना

सोनाक्षी सक्सेना 2020 बैच की मध्य प्रदेश कैडर की आईपीएस अधिकारी हैं। वर्तमान में वे भोपाल में डीजीपी (इंटेलिजेंस एवं सुरक्षा) के पद पर तैनात थीं। तबादला सूची के अनुसार अब उन्हें सीहोर जिले की एसपी के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पूर्व डीजीपी की बेटी, पिता की विदाई परेड की थी कमान

आईपीएस सोनाक्षी सक्सेना मध्य प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना की बेटी हैं। वे नवंबर 2024 में तब सुर्खियों में आई थीं जब उन्होंने अपने पिता सुधीर सक्सेना की सेवानिवृत्ति परेड का नेतृत्व किया और उन्हें सलामी दी। मध्य प्रदेश पुलिस के इतिहास में यह पहला मौका था जब एक बेटी ने DGP पद पर रहे अपने पिता की विदाई परेड की कमान संभाली थी।

### यूपीएससी 189वीं रैंक, सिविल इंजीनियर से आईपीएस तक का सफर

सोनाक्षी सक्सेना ने 2019 में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 189वीं रैंक के साथ पास की थी। आईपीएस बनने से पहले उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक किया था।

हालिया जानकारी के अनुसार उनका विवाह 2023 बैच के आईएएस अधिकारी अंकित कुमार जैन के साथ तय हुआ है। वे अपने पिता की तरह अनुशासित कार्यशैली और प्रभावशाली पुलिसिंग के लिए जानी जाती हैं।

### महिला अधिकारियों की जुगलबंदी पर नजरें

एसपी सोनाक्षी सक्सेना और एएसपी सुनीता रावत, दोनों महिला अधिकारियों की सीहोर पुलिस महकमे में जुगलबंदी देखने लायक होगी। जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

## दिव्य प्रतिमाओं के पैरों की अंगुलियां अंगूठे से हैं बड़ी



**सीहोर।** कुबेरेश्वरधाम के मुरली मनोहर मंदिर में भगवान शिव-पार्वती, राम-सीता, राधा-कृष्ण की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। यहां भक्त मंदिर में तीन युगों के एक साथ दर्शन कर सकता है। मूर्तियों की खास बात है कि इनके पैरों की अंगुलियां अंगूठे से बड़ी बनाई गई हैं। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने बताया कि काठमांडू शैली में बनी शिव-पार्वती, राम-सीता, मुरली मनोहर राधा-कृष्ण की मूर्तियां राजस्थान में तैयार की गई हैं। 22 कुशल मूर्तिकारों ने 2 साल की मेहनत से इन्हें बनाया। जिस मंदिर में मूर्तियां स्थापित की गई हैं, उसका निर्माण भी अलग है। यह भारत और नेपाल की संस्कृति का संगम है। साउथ इंडिया, काठमांडू, राजस्थान, गुजरात से आई 20–22 कारीगरों की टीमों ने मिलकर मंदिर को गढ़ा।

## भाजपा मंडल की बैठक आयोजित



**नलखेड़ा।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी नलखेड़ा की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक को जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा व मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा ने संबोधित किया। वक्ताओं ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, जिला मंत्री पवन वेदिया, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व संयोजक उपस्थित थे।

## कचरे के ढेर से उठी चिंगारी ने मचाई अफरा तफरी, गैस सिलेंडर फटा, बड़ी घटना टली

### अंडे के हाथ ठेले के पास लगी आग से बढ़ा खतरा ,स्थानीय लोगों व पुलिस की सतर्कता से समय रहते पाया काबू

**भैरूंदा।** तहसील के गोपालपुर में शनिवार देर रात एक छोटी सी चिंगारी ने बड़े हादसे का रूप लेने की आशंका पैदा कर दी। मुख्य मार्ग पर अंडे के हाथ ठेले के पास लगे कचरे के ढेर में अचानक आग सुलग उठी, जिसने देखते ही देखते आसपास के क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बना दिया। आग की लपटें तेज होने के दौरान पास रखा करीब 5 किलोग्राम का छोटा गैस सिलेंडर भी फट गया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

घटना के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और स्थिति को संभालने का प्रयास करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो मुख्य मार्ग पर स्थित दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों तक आग फैल सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान संभव था।

गोपालपुर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह गौड़ के अनुसार, शनिवार रात करीब 9 से 10 बजे के बीच डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। संयुक्त प्रयासों के चलते आग को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया, जिससे



एक बड़ा हादसा टल गया।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आग कचरे के ढेर से उठी चिंगारी के कारण लगी थी, जो धीरे-धीरे फैलकर ठेले के आसपास तक पहुंच गई। आग की लपटों की चपेट में आने से पास रखा छोटा गैस सिलेंडर भी फट गया, जिससे कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया।

## रात्रि को रामलीला का मंच किया गया

# एकादश कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 52 जोड़ों ने दी आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम महुआखेड़ी में सात दिवसीय विशाल एकादश कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन यहां पर यज्ञ संचालक श्री-श्री 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में 52 जोडों ने एक साथ वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दी। वहीं रात्रि को रामलीला का मंच किया गया। इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित दीपक शास्त्री, संत गोपाल, कमल पटेल, रामचरण, तुलसीराम, गजराज, विष्णु प्रसाद आदि शामिल थे।

यज्ञ के मुख्य यजमान सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि यहां पर शनिवार से भव्य कलश यात्रा के साथ शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन शुरू हो गया है।



आगामी आठ मई तक किया जाएगा। पंडित कटारे बाबा ने कहाकि यहां पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। उन्होंने बताया कि वहीं रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कलाकारों के द्वारा रामकथा की लीलाओं का वर्णन किया जा रहा है। इस मौके पर पंडित कटारे ने कहाकि राम सारे समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। हम राम को तो मानते हैं, पर राम की नहीं मानते। भगवान राम ने भील, कोल, किरातों व अन्य वनवासियों को गले लगाया था, पर आज देश जातपात व संप्रदाय की आग में झूलस रहा है। राम ने पिता की आज्ञा को मान कर वनों में जाकर अपने 14 वर्ष बिताए थे। आज रामराज्य की कल्पना तो होती है, पर सत्ता में आने के लिए लोग सारे साधन अपनाते हैं। श्रीराम के त्याग से सीखने की आवश्यकता है। देश को विकास की आवश्यकता है। गरीबी, भूख, बेरोजगारी, अशिक्षा, अन्याय व अभाव को दूर करने की आवश्यकता है। ऐसा तभी होगा, जब हम सभी श्रीराम की नीतियों का अनुसरण करेंगे। श्रीराम ने केवट को गले लगा कर मित्रता धर्म निभाया। उन्होंने राम के पिता की आज्ञा को मानने व राज का त्याग करने का वर्णन किया। पिता पुत्र के प्यार का वर्णन किया।

खबर संक्षेप

## कांटाफोड़ से नेमावर तक नम आंखों से गणेशी बाई को दी विदाई



**कांटाफोड़।** क्षेत्र की महिला गणेशी बाई तिवारी का रविवार को दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों, रिश्तेदारों एवं परिचितों ने गहरा दुख व्यक्त किया। सोमवार को कांटाफोड़ से उनकी अंतिम यात्रा बड़े ही भावुक माहौल में निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। अंतिम यात्रा कांटाफोड़ से नेमावर के पवित्र नर्मदा तट तक पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

## हाट बाजार में विधायक सोनकर ने खरीदी की



**भौरासा।** नगर में लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में विधायक सोनकर ने सोमवार को पहुंचकर खरीदी एवं नागरिकों से चर्चा की। वही विधायक सोनकर द्वारा मीडिया से चर्चा में कहा गया कि साप्ताहिक हाट बाजार आज भी हमारे ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, नगर एवं गांव की पारंपरिक व्यापार व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। जहां पर आज भी आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में अपनी दैनिक आवश्यकताओं की सामग्री का क्रय विक्रय करते हैं। ऐसे बाजार न केवल स्थानीय व्यापार को मजबूती प्रदान करते हैं बल्कि ग्रामीण जनजीवन रोजगार और सामाजिक मेलजोल के भी प्रमुख केंद्र है।

## शादी से लौट रहे तीन युवक बाइक हादसे में गंभीर घायल

**देवास।** सिया क्षेत्र के पास रविवार देर रात एक सडक़ हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल से इंदौर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, घायल युवकों की पहचान देवेंद्र, राहुल और अजय के रूप में हुई है। ये तीनों तराना में एक दोस्त की शादी में शामिल होने के बाद देर रात अपनी बाइक से देवास के पास स्थित अपने गांव पुवाल्डा लौट रहे थे। सिया के पास उनकी बाइक अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की परिस्थितियों का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें इंदौर रेफर कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन भी रात में अस्पताल पहुंच गए और घायलों को आगे के इलाज के लिए इंदौर लेकर रवाना हुए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के विस चुनावो में बेहतर परिणामों के बाद जिले भर के भाजपाइयों ने जश्न मनाया

# भाजपा कार्यकर्ता जीत पर खूब थिरके, झालमुड़ी खाकर व बांटकर अनोखे अंदाज में जीत का उत्सव मनाया





### सांसद, विधायक और कार्यकर्ताओ ने ढोल-नगाड़ों और पटाखे फोड़कर जाहिर की खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावो में बेहतर परिणामों के बाद जिले भर के भाजपाइयों ने जमकर जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने झालमुड़ी खाकर और बांटकर अनोखे अंदाज में जीत का उत्सव मनाया। सोमवार को नतीजे घोषित होने के बाद सांसद, विधायक और पार्टी कार्यकर्ताओ ने ढोल-नगाड़ों और पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की।

### झालमुड़ी खिलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय देवास में सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न विधानसभा चुनावों में मिली प्रचंड जीत का उत्सव मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा झालमुड़ी खिलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने अपने संबोधन में कहा कि यहां जीत विकसित भारत के 2047 का संकल्प तथा इस जीत के बाद दक्षिण भारत का जीत द्वार खुल गया है। देश की जनता ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, विकास कार्यों और सुशासन पर भरोसा जताया है। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर मुकाती, राजीव खंडेलवाल, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, ओम जोशी, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजय सिंह पवार, संजय दायमा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटारिया, प्रमोद डोगलिया, मनोहर जाधव, वासुदेव परमार, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नवोत्री, शुभम चौहान, सुरेश तिलोदिया, प्रतीक सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सांसद कार्यालय में मना जश्न

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देवास में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। परिणाम घोषित होते ही सिविल लाइन रोड स्थित सांसद कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा, जहां सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में भव्य जश्न मनाया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी की चमक और मिठाइयों की मिठास के बीच कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी। भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। कार्यकर्ता ढोल की थाप पर जमकर नाचे और जीत की खुशी साझा की। इस दौरान सांसद सोलंकी ने कार्यकर्ताओं के साथ पारंपरिक बंगाली नाश्ता झालमुड़ी का आनंद भी लिया। सांसद सोलंकी ने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और संगठन की मजबूत कार्यशैली को दिया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम जनता के विश्वास और पार्टी के प्रति बढ़ते समर्थन का प्रतीक है। इस अवसर पर कमल शर्मा, दिलीप जाधव (बाबासाहब), जगदीश सेन, शंभू अग्रवाल, पंकज वर्मा,प्रवीण वर्मा, लालसिंह पवार, राकेश सिंघल, मनीष जैन, शुभम जाधव, अनुज शर्मा, संतोष वर्मा, जयेश पडिय़ार, संतोष भावसार, प्रकाश पवार, बंटी मंगरोलिया, जयंत सिसोदिया, सुभाष मंडलोई, ईश्वर परासिया, सुरेंद्र सिंह गंभीर, शिवाजी चौहान, निरज चौहान, गौरव सेन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चापड़ा चौराहे पर बांटी झालमुड़ी

**चापड़ा।** सोमवार को आए विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने चापड़ा चौराहे पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ता सुनील पुरोहित के नेतृत्व में चापडा चौराहे पर जीत का जश्न मनाते हुए झालमुडी बाटी गई। इस दौरान सुनील पुरोहित, गंगाराम पाटीदार, किशोर यादव, शांतिलाल यादव, कांतिलाल पाटीदार, मुबारि खा मंसूरी, आनंदीलाल पाटीदार, सुमित पाटीदार, गौरीशंकर पांचाल, निर्मला कारपेंटर, अखिल पुरोहित, नरेंद्र ठाकुर, मोहित पांचाल, राजेश बड़गुज़ारिया उपस्थित रहे।

### भाजपा की जीत पर भौरासा में मनाया जश्न

**भौरासा।** नगर में भौरासा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा व नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा ने पश्चिम बंगाल, असम, पांडुचेरी में विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत पर नगर के बड़े हनुमान चौक में जीत का जश्न ढोल नगाड़े और आतिशबाजी कर मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस अवसर पर भौरासा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यह जीत ऐतिहासिक है यह जनता के मजबूत समर्थन की प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि यह जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और विकसित भारत के संकल्प पर जनता के विश्वास को दर्शाती है। इस अवसर पर पार्षद छोटू लाल लोधी, सुरेश मालवीय, जगदीश ठाकुर, प्रेमचंद सेठी, हीरूलाल चावडा, प्रमोद पालीवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, मुकेश कुमावत, मनोहर सिंह यादव, मौसम माली, विनायक माली, आदि भाजपा कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।






## उप यंत्री एवं सहायक यंत्री निगम देवास की दो-दो वेतन वृद्धि रोकी

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सौंपे गये दायित्वों में लापरवाही बरतने, कर्तव्य के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता तथा अनियमितता पर उपयंत्री नगर पालिक निगम देवास जितेंद्र सिसोदिया एवं सहायक यंत्री नगर पालिक निगम देवास सौरभ त्रिपाठी की आगामी दो वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी है। कार्यवाही आयुक्त नगर पालिक निगम देवास के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

## धूप-गर्मी से वाहन चलाकों को राहत के लिए की पहल, चौराहों पर ग्रीन नेटशेड लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने एक नई पहल की है। शहर के प्रमुख चौराहों पर हरे रंग के नेट शेड लगाए जा रहे हैं, जिससे ट्रैफिक सिग्नल पर रुकने वाले वाहन चालकों को तेज धूप से बचाव मिल रहा है। इस पहल की शुरुआत एबी रोड स्थित उज्जैन तिराहे से की गई है। उज्जैन तिराहे पर लगभग 15 से 20 फीट ऊंचा और 30 फीट चौड़ा नेट शेड लगाया



गया है। इसे सिग्नल से कुछ मीटर पहले इस तरह स्थापित किया गया है कि लाल बत्ती पर रुकने वाले वाहन चालकों को सीधी धूप से छांव मिल सके। जहां पहले लोग अपने स्तर पर गर्मी से बचने के लिए अस्थायी उपाय कर रहे थे, वहीं अब नगर निगम की इस व्यवस्थित पहल से आमजन को काफी राहत मिली है। यह सुविधा विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही। लोगों का कहना है कि 42-43 डिग्री तापमान में सिग्नल पर खड़ा रहना मुश्किल होता था, लेकिन अब इन शेड्स के लगने से धूप और लू का असर कम हुआ है। नगर निगम की योजना है कि इस तरह के नेट शेड शहर के अन्य प्रमुख चौराहों जैसे सयाजी गेट, बस स्टैंड, मोती बंगला, मेंढकी और भोपाल चौराहे पर भी लगाए जाएं। आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि इस पहल को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है जल्द ही अन्य सिग्नलों को कवर किया जाएगा।

### नगर में नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र भवन का विधायक ने निरीक्षण किया

# नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण होगा: विधायक सोनकर






हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में बन रहे नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निरीक्षण सोनकच्छ क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने सोमवार को किया। लगभग एक वर्ष पूर्व विधायक द्वारा किए गए भूमिपूजन के बाद अब यह भवन पूर्ण रूप से तैयार होकर लोकार्पण के लिए तैयार है। जल्द ही इसका औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। इस नए स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से भौरासा सहित आसपास के लगभग 40 से 50 गांवों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

वर्तमान में संचालित स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की अनुपलब्धता, दवाइयों की कमी और अन्य व्यवस्थागत समस्याएं बनी रहती हैं, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। निरीक्षण के दौरान विधायक सोनकर ने मीडिया से चर्चा में कहा कि लोगों को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही इस नए भवन का निर्माण कराया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यहां आने वाली सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा और 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी शीघ्र शुरू की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान वर्तमान में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया और डॉक्टरों व संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षदगण सहित आकाश जैन, गुड्डू मेहता, अनिल चावड़ा, बाबूलाल डोडिया, आराम सिंह ठाकुर, डॉ. रूप सिंह नागर, मांगीलाल माली, जगदीश माली, ओमप्रकाश जायसवाल, यशवंत सिंह राजपूत, विनोद डोडिया, सुरेश मालवीय, प्रदीप मंत्री, बद्रीलाल लोधी, मुकेश कुमावत, मनोहर सिंह यादव, कमल यादव, हीरालाल चावड़ा, प्रेमचंद सेठी, प्रमोद पालीवाल, नीरज ठाकुर, गोवर्धन बोडाना, नरेंद्र माली, हर्ष पालीवाल, मौसम माली, विनायक माली, आयुष माली सहित जनप्रतिनिधि, रोगी कल्याण समिति सदस्य, डॉक्टरगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कमलापुर विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और ग्रीष्मावकाश के रचनात्मक उपयोग को ध्यान में रखते हुए पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर में 1 मई 2026 से 1 जून 2026 तक आयोजित होने वाले समर कैंप का शुभारंभ प्राचार्य अनंत नागर द्वारा किया गया।समर कैंप के तहत विद्यार्थियों के लिए शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न खेल गतिविधियों के साथ ड्राइंग, पेंटिंग, संगीत एवं नृत्य कक्षाओं सहित कई रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्य नागर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के शारीरिक, मानसिक और रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समर कैंप का संचालन शिक्षक पंकज पाटीदार द्वारा किया जा रहा है। कैंप के शुभारंभ के साथ ही विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है।

## खबर संक्षेप



### युवा संसद में गार्गी शर्मा का शानदार प्रदर्शन

**ललितपुर।** जनपद की प्रतिभाशाली छात्रा गार्गी शर्मा ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से ललितपुर का नाम रोशन किया। बजट 2026 जैसे महत्वपूर्ण विषय पर दिए गए उनके तार्किक, ओजस्वी और विश्लेषणात्मक भाषण ने सदन में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, विशेषज्ञों और अतिथियों को प्रभावित किया। प्रतिष्ठित पं.प्रताप नारायण शर्मा की पौत्री तथा अधिवक्ता मनीष कुमार शर्मा एवं मनीषा शर्मा की सुपुत्री गार्गी शर्मा वर्तमान में बी.ए. एल.एल.बी. तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने युवा संसद के मंच पर युवाओं के दृष्टिकोण से बजट 2026 का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, सतीश महाना, गिरीशचंद्र यादव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं विशेषज्ञ मौजूद रहे। गार्गी शर्मा ने अपने संबोधन में हेगेलियन डायलेक्टिक शैली का प्रभावी उपयोग करते हुए बजट के विभिन्न पहलुओं पर बेबाकी और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखे। अपने भाषण के समापन पर उन्होंने राष्ट्र निर्माण की शुरुआत संपत्तियों से होती है जैसे प्रेरणादायी विचार के साथ सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति ने न केवल उनकी कानूनी समझ, तार्किक क्षमता और वक्तत्व कौशल का परिचय दिया, बल्कि पूरे ललितपुर जिले को भी गौरवान्वित किया। गार्गी शर्मा की इस उपलब्धि पर परिवार, शुभचिंतकों और जिले में खुशी का माहौल है।

### युवक पर हमला, अपमान करने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में दबंगों द्वारा एक दलित युवक पर जानलेवा हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। चिकन हंडी ढाबा, ग्राम रोड़ा के पास हुए इस विवाद में आरोप है कि दबंगों ने पहले अवैध रूप से पैसों की मांग की, विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और फिर धारदार हथियार, लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने झांसी रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष के अनुसार झांसीपुरा निवासी सानू करौसिया ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई नवनीत अपने साथियों के साथ खाना खाने चिकन हंडी ढाबे पर गया था। इसी दौरान उत्कर्ष साहू, अमन टिंकू, मोहित, अनीकेत, रवि कुशवाहा, विक्की पंथ, शिवम टिंकू, रुद्र, केशव सैनी, शिवम टिंकू उर्फ मुर्गा, आकाश परिहार समेत 5-6 अज्ञात लोग वहां पहुंचे और अवैध रूप से पैसों की मांग करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायत के अनुसार विवाद बढने पर आरोपियों ने नवनीत के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया तथा लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसके सिर, कमर और पैरों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

## नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

# व्यापारियों का प्रदर्शन, टूटे शेडों के पुनर्निर्माण या क्षतिपूर्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका द्वारा प्रधान डाकघर के सामने नाली के ऊपर बने फोल्डिंग लोहे के शेडों को अतिक्रमण अभियान के दौरान हटाए जाने के विरोध में व्यापारियों में भारी रोष देखने को मिला। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद पहुंचकर अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए टूटे शेडों का पुनर्निर्माण कराए जाने अथवा प्रभावित व्यापारियों को उचित क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की मांग की।



व्यापारियों का आरोप है कि विगत दिनों नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान प्रधान डाकघर के सामने बनी दुकानों के बाहर नालियों पर लगाए गए फोल्डिंग लोहे के शेडों को जेसीबी मशीनों से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा और व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि 23 नवंबर 2024 को नगर पालिका एवं व्यापार मंडलों के बीच हुई बैठक में लिखित सहमति बनी थी, जिसके आधार पर नालियों के ऊपर फोल्डिंग शेड लगाए गए थे, ताकि ग्राहकों और व्यापारियों को आवागमन में सुविधा मिल सके। बावजूद इसके पालिका द्वारा सहमति के विपरीत कार्रवाई करते हुए शेडों को हटाया गया, जो नियमों के विपरीत है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने मांग की कि नगर पालिका द्वारा शहर में निर्मित सभी खुली नालियों को व्यवस्थित रूप से ढका जाए, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। साथ ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में क्षतिग्रस्त किए गए शेडों का पुनर्निर्माण पालिका अपने खर्च पर कराए या संबंधित व्यापारियों को उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। व्यापार मंडल ने 11 व्यापारियों की शिकायतों के साथ पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, महामंत्री अनिल जैन, नगर अध्यक्ष महेश जैन, जिला स्मॉल स्केल इंडस्ट्री अध्यक्ष मुकेश जैन, अशोक जैन अनौरा, नवीन सिंघई, संजीव जैन, आईटी सेल जिलाध्यक्ष अंकित सतभैया, जिनेंद्र पंसारी, सूर्यकांत ओसवाल, वीरेंद्र जैन, सुनील कुमार पंसारी, मुकेश जैन, अंकित जैन, मोहम्मद नईम, जितेंद्र राठौर, गौरव जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## घटना के बाद चीख-पुकार मच गई

# झपकी बनी 6 लोगों की मौत का कारण, अयोध्या से लौटते वक्त जालौन में भीषण सड़क हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



यूपी के जालौन जिले में सुबह सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। दुर्घटना में छह लोगों की जान चली गई जबकि चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार, ललितपुर जनपद के महरौनी निवासी शशिकांत तिवारी अपने परिजनों के साथ अयोध्या दर्शन करने गए थे। दर्शन के बाद सभी लोग कार से वापस लौट रहे थे। सोमवार सुबह करीब 6 बजे जैसे ही उनकी कार कालपी क्षेत्र के जोल्हुपुर मोड़ के पास पहुंची, चालक को अचानक झपकी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सामने चल रहे वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि चार लोगों की मौके पर हो मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद घायलों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ घायल करीब एक घंटे तक कार के केबिन में फंसे रहे, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बचाया गया। कार में कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें शशिकांत तिवारी, कृष्णकांत, दीपक तिवारी, हरिमोहन तिवारी, भूषण तिवारी, अंशुल तिवारी, स्वामी प्रसाद तिवारी, मनोज और देशराज शामिल बताए जा रहे हैं। सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कालपी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### 10 मिनट तक मेडिकल कॉलेज के बाहर तड़पते रहे मरीज

हादसे में इनकी हुई मौत




घायलों को लेकर एम्बुलेंस मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी के बाहर पहुंची, लेकिन मरीज को उतारने के लिए वहां पर कोई भी वार्ड बॉय नहीं नहीं था। हालत यह रही कि मरीज 10 मिनट तक एंबुलेंस में ही तड़पते रहे इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह मरीजों को बाहर निकाला और इमरजेंसी के अंदर पहुंचा जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं।

## मोबाइल में मिला बेटिंग एप और चैट रिकॉर्ड

# आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाते युवक को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में अवैध सट्टेबाजी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नेहरू नगर चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगा रहे एक युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किया गया, जिसमें बेटिंग वेबसाइट, सट्टे से संबंधित चैट और लेन-देन की जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार 3 मई 2026 की रात चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित कौशिक अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि ग्राम महेशपुरा स्थित बावड़ी तिराहे के पास एक युवक मोबाइल के जरिए आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ग्राम महेशपुरा निवासी रघुराज लोधी पुत्र स्व.रतन सिंह लोधी बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से वीवो कंपनी का स्मार्टफोन बरामद हुआ। मोबाइल की जांच में गूगल क्रोम पर ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट खुली मिली, जिसमें आईपीएल मैच पर एक हजार रुपये की बेट लगाई गई थी तथा अकाउंट में कॉइन्स भी मौजूद मिले। व्हाट्सएप चैट में पासवर्ड लिंक और सट्टे से संबंधित अन्य संदेश भी मिले। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया कि अधिक पैसा कमाने के लालच में वह ऑनलाइन सट्टा खेल रहा था और उसे यह आईडी एक अन्य व्यक्ति द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने जिला कार्यालय पर प्रेस वार्ता की

# प्रदेश में अपराध चरम पर, भाजपा का जाना तय: जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सोमवार को समाजवादी पार्टी ने जिला कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता की। जिसमें जिले की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया, साथ ही राज्यमंत्री पुत्र की कार से कुचलकर मृत हुए तीन युवकों के परिजनों को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा भेजी गई दो-दो लाख सहायता राशि के चेक सौंपकर पीड़ित परिवार के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी बनकर रह गई है। ललितपुर ही नहीं पूरे प्रदेश में गरीबों पर अत्याचार किया जा रहा है, चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए गरीब तबके के लोगों के आशियानों को तोड़ा जा रहा हैं। फुटपाथी दुकानदारों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। उनकी कच्ची दुकानों पर बुलडोजर चलवाकर यह सरकार गरीबों को खत्म करने का पाप कर रही है। प्रदेश में जंगलराज कायम हो गया है। लूट, हत्या, दुष्कर्म जैसी घटनाएं प्रतिदिन सामने आ रही है। आज हर व्यक्ति भाजपा के शोषण का शिकार है। आज स्मार्ट मीटर से आज हर कोई परेशान हैं। कभी भी बिजली काट दी जाती है। इसका सीधा असर हर व्यक्ति पर पड़ रहा है। कहा कि पीडीए में सभी का हित सुरक्षित है। आज सत्ता के मद में चूर भाजपाई केवल अपना स्वार्थ सिद्ध करने में लगे हैं। जिले में विकास कार्य ठप हैं। कमीशनखोरी के चलते गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। दुर्भाग्य है कि यहां सांसद, विधायक, राज्यमंत्री, नगरपालिका अध्यक्ष सहित सभी पदों पर भाजपा का कब्जा है, फिर भी ललितपुर पिछड़ता जा रहा है। भाजपा की नीति नियत में खोट है। मंहगाई चरम सीमा पर पहुंचा दी गई है। गैस, डीज़ल पेट्रोल सहित घरेलू वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। अब जनता ऐसी भाजपा की पूंजीपति सरकार को 2027 में धूल चटाने का काम करेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राष्ट्रीय अखिलेश यादव का संदेश है कि जो पीड़ित, शोषित वंचित हैं, वह पीडीए का हिस्सा है। हम आम आदमी की लगाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ रहे हैं। कहा कि हमारा रिकार्ड उठाकर देख लें, सपा सदैव जनता की आवाज उठाती आ रही है। तत्पश्चात पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी ने कहा कि भाजपा नारी शक्ति वंदन का झूठा ढोल पीट रही है। जबकि इन्हीं की सरकार में महिलाओं पर सर्वाधिक अत्याचार हो रहे हैं। अब जनता इनकी बातों में आने वाली नहीं है। यह सरकार जनता से जो वादे करती है, उन पर वह खरी नहीं उतर पा रही है। अभी हाल ही में जिले के एक गांव में छह साल की मासूम से दुष्कर्म की घटना हुई, वह निंदनीय है, लगता है कि अपराधियों को कानून का डर नहीं रहा है। उन्होंने आगे कहा कि 2027 में जनपद की दोनों सीटों पर सपा जीतेगी और पूर्ण बहुमत से समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रही है। इस दौरान व्यापार सभा के प्रदेश सचिव जितेन्द्र सिंह सलूजा, प्रदेश सचिव गीता मिश्रा, महिला सभा जिलाध्यक्ष राजकुमारी गौतम, वरिष्ठ सपा नेता शत्रुघ्न यादव, प्रदेश सचिव मेघनाथ खंगार, रा.स.अ.बा. अशोक अहिरवार, वरिष्ठ सपा नेता रामदास श्रोती, मोहन, अभिलाषा कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष आल्हा प्रसाद निरंजन, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव जिजयावन, पूर्व महासचिव गिरधारी सिंह यादव, अरशद मंसूरी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बरखेरा सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए के चेक सौंपे

विगत दिनों जाखलौन रोड पर राज्यमंत्री पुत्र की फाच्र्यूनर ने बाइक सवारों को रौंद दिया था। इस दुर्घटना में बरखेरा निवासी शिवेन्द्र, शंकर और अनुज यादव की मौत हो गयी थी। घटना को संज्ञान लेकर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मृतक युवाओं के परिजनों को लखनऊ बुलाकर 2-2 लाख रुपये की आर्थिक मदद की। कार्यकर्ताओं ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा लखनऊ में सपा से विधानसभा प्रत्याशी के रूप में 226 ललितपुर विधानसभा से ज्योति सिंह लोधी को प्रत्याशी के तौर पर कार्यकर्ताओं से जिताकर लाने की बात कही गयी। वहीं सोमवार को प्रेस वार्ता में ललितपुर से टिकिट फाइनल होने की बात को जिलाध्यक्ष नैपाल सिंह यादव न-नुकुर करते नजर आये। उन्होंने टिकिट फाइनल होने सम्बन्धित कोई भी लिखित दस्तावेज उनके पास उपलब्ध न होने की बात कही। फुटपाथी दुकानदार ओमप्रकाश अहिरवार के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा की नीतियों से परेशान होकर सपा का दामन थामा है। बोले कि समाजवादी पार्टी गरीबों की सच्ची हितैषी पार्टी है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों से प्रभावित होकर वह लोग सपा में शामिल हुए हैं।

# गांधीनगर-नईबस्ती के घर-घर पहुंचे, 400 जलपात्र बांटे

**ललितपुर।** भीषण गर्मी के बीच गौरैया समेत अन्य पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से तखत ग्रुप द्वारा चलाया जा रहा जल पात्र वितरण अभियान लगातार जनसमर्थन प्राप्त कर रहा है। अभियान के दूसरे दिन सोमवार को भी शहर के गांधीनगर एवं नई बस्ती क्षेत्र में घर-घर जाकर 400 से अधिक जल पात्र वितरित किए गए। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण और जीव संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम बताया। गौरतलब है कि इस अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा किया गया था। उन्होंने इस सेवा कार्य को ईश्वरीय सेवा बताते हुए समाज के अधिक से अधिक लोगों को ऐसे जनहित और जीवहित कार्यों से जुडने का संदेश दिया था। सोमवार को तखत ग्रुप के सदस्य मोहल्लों और गलियों में पहुंचकर लोगों को जलपात्र वितरित करते रहे तथा उनसे अपील की कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए अपने घरों की छतों, बालकनी और छायादार स्थानों पर जलपात्र रखें और उन्हें प्रतिदिन सुबह-शाम स्वच्छ एवं ठंडे पानी से भरें, ताकि प्यासे पक्षियों को राहत मिल सके। अभियान के तहत एक विद्यालय में भी जलपात्र वितरित किए गए, जहां स्कूली बच्चों को गौरैया संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने भी इस पहल में बढ़-चढ़कर भागीदारी का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मज्जू सोनी, विद्या मालवीय, पार्षद अफजुल रहमान, बृजेश लाला, सत्येंद्र प्रताप सिंह सिसोदिया, सुदामा मिश्रा, अमित लखेरा, विजय शर्मा कुक्कन, आशीष चौबे, बलची जैन, हृदेश हुण्डैत ट्विंकल, रामकोटि तिवारी, मिंटू सिंघई, अमित तिवारी, पप्पू पटवा, नीलेश तिवारी, सुमेर जैन, जितेंद्र गोस्वामी गप्पू, आशीष हुण्डैत, अशोक अनौरा, गौरव जैन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। तखत ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि यह अभियान आगामी दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक पक्षियों को गर्मी के मौसम में पानी उपलब्ध कराया जा सके।



# कचूमर बने घुटने को एक ही ऑपरेशन में कर दिया दुरुस्त

**ललितपुर।** जनपद के प्रख्यात अस्थिरोग विशेषज्ञ ऑर्थो सर्जन डा.आकाश खैरा ने एक और बड़ा ऑपरेशन ललितपुर में ही कर दिखाया है, जिससे बुन्देलखंड के अस्थिरोग विशेषज्ञों में वह चर्चा का विषय बन गये हैं।




एक 40 वर्षीय व्यक्ति के दायें पैर के घुटने में एक्सीडेंट की चोट से हड्डियों का कचूमर बन गया था। हड्डियों के कई टुकड़े एक साथ सही-सही जोडना टेड़ी खीर था। ऐसे ऑपरेशन आम तौर पर बड़े शहरों में ही सम्भव हो पाते थे, लेकिन डा.खैरा ने इसे ललितपुर में ही सफल कर इतिहास रच दिया है। ग्राम कल्यानपुरा के पास ग्राम झरकौन निवासी राममिलन यादव का एक दुर्घटना में दायें पैर का घुटना बुरी तरह टूट गया था। वह पूरी तरह अपाहिज हो गया था। उसके घुटने के नीचे की कई हड्डियां चूर-चूर हो गयी थीं। ऐसे में उसे जटिल तीन अलग-अलग ऑपरेशन कराने की जरूरत बताई गयी थी। वह परेशान था, पर तभी किसी ने उसे डा.खैरा के पास नवजीवन क्लीनिक में भेजा तो उसे आशा की एक नयी किरण दिखाई दी। डा.खैरा ने परीक्षण कर उसे एक ही बार में ऑपरेशन कर हड्डियों को दुरुस्त करने का भरोसा दिलाया। एक योजना के अनुसार ऋषिराज अस्पताल में उसका सफल ऑपरेशन किया गया। आज राममिलन अपने पैरों पर खड़ा है। मरीज के पिता जगन्नाथ यादव का कहना है कि मेरा बेटे का पैर अब अच्छा हो गया है।

### इनका कहना है

मरीज के दायें पैर की टीबिया और फैबुला हड्डी में मल्टीपल फ्रैक्चर थे। जिनमें कई टुकड़ों में हड्डियां टूटी हुयी थीं। इसके लिये जटिल आधुनिक मिप्पो फ्रेगमेंट स्पेसिफिक प्लेटिंग पद्धति को अपनाने का निर्णय लिया गया, जिसमें कम से कम प्लेटिंग कर हड्डी को दुरुस्त करते हैं। इस दौरान हड्डी को ज्यादा खोले बिना छोटे चीरे से प्लेट लगाकर हड्डी को पहले जैसा कर दिया जाता है। इस तकनीक में रक्तस्राव कम होता है। ऊतकों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुँचता। जल्दी रिकवरी होती है और संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। मरीज का एक ही सिटिंग में तीन प्लेट लगाकर सफल ऑपरेशन कर दिया गया है। अब मरीज अपने पैरों पर सामान्य तरीके से खड़ा हो सकता है।

डा.आकाश खैरा, अस्थिरोग सर्जन

# शिविर में 200 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




जनपद के ग्राम कडेसराकलां स्थित एक फार्म हाउस में शनिवार को एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के करीब 200 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त किया। यह चिकित्सा शिविर पं. राकेश अगरिया द्वारा उज्ज्वल फाउंडेशन के माध्यम से आयोजित कराया गया। शुभारंभ जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। शिविर में मौजूद चिकित्सकों डा.स्वाति खरे, डा.रिया अगरिया, डा.अनिल कुमार और डा.शैलेन्द्र अगरिया ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह निशुल्क चिकित्सा शिविर अब प्रत्येक माह के रविवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस दौरान ललित किशोर गंगले, महेश तिवारी, राजू, अरविंद सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में पं. राकेश अगरिया ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों और उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## निशुल्क कला साधना शिविर का भव्य समापन किया गया

# जहां से शब्द खत्म होते, वहां से कला शुरू होती: गंधर्व सिंह लोधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सिद्धन रोड स्थित कला भवन में चित्रकार ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा 5 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित निशुल्क कला साधना शिविर का समापन समारोह राजकुमार के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष गन्धर्व सिंह लोधी की अध्यक्षता में सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ समापन कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

इस दौरान कला भवन में शिविर आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने शिविर में एक माह सिखायी विषय वस्तु एवं बनाये गये चित्रों को अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा बच्चों ने भी अपने द्वारा बनाये गये चित्रों, कैलीग्राफी, महाराष्ट्र की आदिवासी लोककला वारली पैन्टिंग, प्राकृतिक दृश्यों, मानव चित्रण पर आधारित, राधा कृष्ण को आमंत्रित अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे देखकर बच्चों के किये गये कार्यों की एवं प्रशिक्षक बिरथरे की सराहना की। बिरथरे ने कहा चित्रकला भावनाओं, विचारों और इतिहास को व्यक्त करने का शक्तिशाली मुख्य माध्यम हैं, जो मानवीय रचनात्मकता, मानसिक शांति और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुख्य अतिथि ने बिरथरे के प्रयास एवं शिविर की सराहना करते हुये कहा कि इस तरह के आयोजन परीक्षा के उपरान्त बच्चों के अवकाश के समय पर नकारात्मकता से सकारात्मकता और रचनात्मकता की ओर ले जाते हैं, यह एक बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि जहां से शब्द खत्म होते हैं, वहां से कला का आरम्भ होता है। इसका प्रभाव सीधा दवा की तरह सीधा आत्मा पर पड़ता है। इस शिविर में बच्चों ने बहुत ही सुन्दर चित्र बनाये हैं। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति अध्यक्ष गन्धर्व सिंह लोधी ने कहा कि कला एक निरन्तर साधना की विधा है, जिसे आप जितना सृजन करेंगे, आपकी कला उतनी ही अधिक परिष्कृत होगी। आप लोगों ने इस शिविर जो सीखा है, उसे निरन्तर साधना के द्वारा उच्च लक्ष्य तक पहुंचना है। सेवा निवृत्त प्रधानाचार्या शांति मालवीय ने कहा कि यह केवल रंगों और आकृतियों का खेल नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति और ध्यान का सशक्त साधन है। इंटैक चैप्टर संयोजक सन्तोष शर्मा ने कहा कि कला तनाव को कम करने, आत्म विकास करने और समाज को नई दृष्टि देने के साथ साथ हमारी पहचान को सुदृढ़ करती है।



## समाचार संक्षेप

### नायब तहसीलदार कुलदीप सिंह जादौन ने किया जनगणना कार्य का निरीक्षण



**चाचौड़ा।** नायब तहसीलदार एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी जनगणना कुलदीप सिंह जादौन द्वारा ग्राम सांवलपुरा, बड़ोदिया एवं भैंसुआ में चल रहे जनगणना कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति देखी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।ज्ञात हो कि 1 मई से 30 मई तक जनगणना अभियान के अंतर्गत प्रगणकों द्वारा घर-घर पहुंचकर मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जनगणना से संबंधित आवश्यक जानकारियां एकत्रित की जा रही हैं, जिससे क्षेत्र की सही एवं व्यवस्थित जानकारी शासन तक पहुंच सके। नायब तहसीलदार जादौन ने कार्य में गुणवत्ता एवं शत-प्रतिशत सटीकता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### महेशपुरा में जनगणना कार्य का निरीक्षण अधिकारियों ने दिए आवश्यक निर्देश



**चांचौड़ा।** ग्राम महेशपुरा में चल रहे जनगणना कार्य का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय एवं तहसीलदार मयंक खेमरिया द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करने की प्रक्रिया को मौके पर देखा और कार्य में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता बनाए रखने पर जोर दिया।अधिकारियों ने बताया कि 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य जारी है, जिसके तहत प्रगणक प्रत्येक घर पहुंचकर जरूरी आंकड़े संकलित कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में मकान, परिवार एवं उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र की जा रही है।उन्होंने आम नागरिकों से जनगणना कार्य में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सही और सटीक जानकारी देने से ही जनगणना के आंकड़े विश्वसनीय बनेंगे, जो भविष्य की योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार करेंगे।

# भैसाना में आस्था का महासंगम, श्रीराम महायज्ञ के तहत सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

राघौगढ़ क्षेत्र के समीप स्थित श्री सिद्ध आश्रम हनुमान धाम, भैसाना इन दिनों धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। 151 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ के भव्य आयोजन के तहत आज सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण के पावन संकल्प का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ हुआ। परम-पूज्य गुरुदेव श्री गुड्डा महाराज जी के सानिध्य में आयोजित इस दिव्य अनुष्ठान में राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जयवर्धन सिंह न केवल एक जनप्रतिनिधि के रूप में, बल्कि धार्मिक आस्था के केंद्र के रूप में भी उभरकर सामने आए।

उन्होंने यज्ञशाला परिसर का कई बार निरीक्षण किया, व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्वयं श्रमदान कर सेवा, समर्पण एवं आस्था का प्रेरक संदेश दिया। पूरे आयोजन के दौरान "हर-हर महादेव" और "जय श्रीराम" के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-समाज एवं क्षेत्र के वरिष्ठजन उपस्थित रहे और सभी ने इस पावन अनुष्ठान में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।उल्लेखनीय है कि इस भव्य महायज्ञ के संरक्षक हिंदू पथ नरेश एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी हैं, जिनके संरक्षण में यह आयोजन संपन्न हो रहा है। 18 मई से 28 मई 2026 तक चलने वाले इस महायज्ञ में प्रतिदिन यज्ञ, पूजन, रामचरितमानस पाठ एवं विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आश्रम परिसर में यज्ञशाला, संतों के लिए कुटिरें, विशाल परिक्रमा मार्ग एवं अन्य व्यवस्थाएं तेजी से तैयार की जा रही हैं। सैकड़ों स्वयंसेवक दिन-रात सेवा में जुटे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में अभूतपूर्व धार्मिक उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया है।भैसाना की पावन धरती पर आयोजित यह महायज्ञ न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक जागरण और जनकल्याण का भी एक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और उनके उत्साह को देखते हुए यह आयोजन ऐतिहासिक स्वरूप लेने की ओर अग्रसर है।

## राघौगढ़ में पेंशनर संघ की मासिक बैठक, जन्मदिवस पर हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

राघौगढ़ में शनिवार को पेंशनर संघ द्वारा मासिक बैठक का आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। बैठक के दौरान मई माह में जन्मदिन वाले सदस्यों का पुष्पहार पहनाकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया।सम्मानित सदस्यों में आर.बी.एस. परिहार, सीताराम शर्मा, पी.सी. गुप्ता, कैलाश नारायण भारद्वाज, किसन लाल प्रजापति, उमर खान सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।बैठक में दो नए सदस्यों—चंद्रकला शर्मा एवं संतोष विजयवर्गीय—ने संघ की सदस्यता ग्रहण की, जिनका स्वागत किया गया।इस अवसर पर संघ के संरक्षक आर्मी कोठारी, सलाहकार जवाहरलाल त्रिवेदी, अध्यक्ष पी.सी. गुप्ता, उपाध्यक्ष आर.बी.एस. परिहार, बलबीर सिंह गुर्जर, नरेंद्र कुमार बख्त्री, अब्दुल सफी, बसंतीलाल सेन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में आपसी सहयोग, संगठन की मजबूती और भविष्य की गतिविधियों पर भी चर्चा की गई।

## पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

रविवार को मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस कमेटी गुना के अध्यक्षी जयवर्धन सिंही विधायक राघोगढ़ का राघोगढ़ से ग्वालियर जाते समय सुबह मंदिर गादेर के पास माल्यार्पण कर स्वागत किया जिसमें जिला संगठन महामंत्री पं क ज कनेरिया,रणवीरसिंह कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी शहर 1 गुना, गोपाल शर्मा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गुना,भगवान सिंह अहिरवार



जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति कांग्रेस गुना,तरुण सेन पार्षद, महेश कुशवाह पार्षद,प्रमोद रघुवंशी पूर्व जिलाध्यक्ष युवक कांग्रेस,शिवलाल नायक, भगवान लाल बरेले सचिव ब्लाक 1 गुना, वीरेन्द्र ओझा,सहदेव राकेश बाल्मीकि जिला महामंत्री युवा कांग्रेस,गोलू कुशवाह, युवा कांग्रेस के अनिल रघुवंशी,आकाश रघुवंशी, अनिल सरपंच पनवाड़ी, आदित्य रघुवंशी, राजकुमार (जागीरा)यादव अशोक नगर , इशू जैन,आदि उपस्थित थे ।

### 10 मई को सीएम-सिंधिया के दौरे को लेकर पगारा मंडल में बनी रणनीति

# मंडल प्रभारी किरार बोले, घर-घर जाकर लोगों से करें स्वागत का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भारतीय जनता पार्टी पगारा मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 10 मई को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गुना दौरे को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक का शुभारंभ जिला उपाध्यक्ष और मंडल प्रभारी महेंद्र सिंह किरार ने पार्टी के पितृपुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय और पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया।बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इस दौरे के दौरान दशहरा मैदान गुना से एक हजार करोड़ रुपये की लागत वाली सीमेंट फैक्ट्री का डिजिटल शुभारंभ किया जाएगा। यह फैक्ट्री



ग्राम मावन में स्थापित होने जा रही है, जिससे क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह किरार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक मंडल और बूथ से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं और आमजन को इस कार्यक्रम में पहुंचाना है। उन्होंने आह्वान किया कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को आमंत्रित करें ताकि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को भव्य बनाया जा सके। दौरे की तैयारियों के साथ-साथ बैठक में संगठनात्मक विषयों, आगामी प्रशिक्षण वर्गों और अन्य दलीय गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवराम कुशवाह, किसान मोर्चा अध्यक्ष सत्येंद्र जाट, मंडल उपाध्यक्ष भास्कर रघुवंशी, सौरभ रघुवंशी, परमाल खरे, सोनू यादव, दिलीप शर्मा सहित मंडल महामंत्री नीलेंद्र प्रकाश रघुवंशी, मंत्री करण अहिरवार, कपिल रघुवंशी और मीडिया प्रभारी राजेश कुशवाह उपस्थित रहे। साथ ही कार्यालय प्रभारी मिश्रीलाल अहिरवार, सह कार्यालय प्रभारी हरिओम कुशवाह, कोषाध्यक्ष श्रीकिशन, सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप कुशवाह, शक्ति केंद्र प्रभारी वीरेंद्र बुंदेल कुशवाह, राकेश, भगवान सिंह और विजय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कुम्हार (प्रजापति) समाज के आजीविका संवर्धन हेतु भूमि आरक्षित

**गुना।** जिला प्रशासन द्वारा कुम्हार (प्रजापति) समाज के पारंपरिक व्यवसाय को प्रोत्साहित करने एवं उनके आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, गुना द्वारा पारित आदेशानुसार तहसील गुना के ग्राम सिंगावासा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 446, कुल रकबा 8.475 हेक्टेयर में से 4.000 हेक्टेयर भूमि ईंट भट्ठा निर्माण हेतु आरक्षित की गई है।उक्त निर्णय के फलस्वरूप कुम्हार (प्रजापति) समाज के व्यक्तियों को ईंट निर्माण कार्य के लिए स्थायी स्थान उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनके पारंपरिक व्यवसाय को सुदृढ़ आधार प्राप्त होगा। साथ ही, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में वृद्धि होने की संभावना है।कलेक्टर द्वारा संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आदेशानुसार राजस्व अभिलेखों में आवश्यक प्रविष्टियां सुनिश्चित की जाएं तथा नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत किया जाए।

### आबकारी नियमों की उड़ रही धज्जियां

# रात के अंधेरे में शटर खोलकर नीचे से बिक रही है शराब!

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिले में नई आबकारी नीति के तहत टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद शराब ठेकेदारों की मनमानी चरम पर है। प्रशासन के सख्त निर्देशों के बावजूद अशोकनगर और चंदेरी जैसे क्षेत्रों में रात के 12-1 बजे तक शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं। हालात यह हैं कि जहाँ इमरजेंसी में मिलने वाली दवाइयों के लिए मेडिकल स्टोर समय पर बंद हो जाते हैं, वहीं शराब की दुकानें रात भर गुलजार रहती हैं।

#### दिखावे के लिए ताला,अंदर से चल रहा डिजिटल कारोबार

हाल ही में चंदेरी नगर से एक चैंकाने वाला मामला सामने आया



है,जहाँ राजेंद्र राय के नाम से संचालित कलारी (शराब दुकान) का वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

धंधे का तरीका कुछ इस प्रकार है दिखावटी बंदी बाहर से दुकान पर ताला लटका दिया जाता है ताकि प्रशासन को लगे कि दुकान बंद है। कोड वर्ड और आवाज रात के अंधेरे में ग्राहक दुकान के बाहर पहुँचकर आवाज देते हैं। डिजिटल पेमेंट अंदर बैठा कर्मचारी शटर के नीचे से स्कैनर बाहर निकालता है।सप्लाई जैसे ही ग्राहक पैसे ट्रांसफर करता है,अंदर से शराब की बोतल बाहर सरका दी जाती है।

#### प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

आम जनता में इस बात को लेकर भारी रोष है कि एक तरफ आम नागरिक जरूरी सुविधाओं के लिए भटकता है,वहीं दूसरी तरफ अवैध रूप से संचालित इन शराब दुकानों पर पुलिस और आबकारी विभाग की नजर क्यों नहीं पड़ रही? यह विडंबना ही है कि रात 10 बजे के बाद जरूरी दवाइयां मिलना मुश्किल हो जाता है,लेकिन शहर के बीचों-बीच नियमों को ठेंगा दिखाकर रात 12 बजे के बाद भी शराब आसानी से उपलब्ध है। क्या यह सब प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा है?

## बिजली विभाग की अघोषित कटौती से नगरवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ईसागढ़

नगर में 42 डिग्री के तापमान में भीषण गर्मी की मार झेल रहे नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों को बिजली विभाग की अघोषित कटौती के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हालात इतने बदतर हैं के लोग घरों के भीतर चैन की नींद सोने के बजे सड़कों पर बैठकर रात काटने मजबूर हैं। नगरवासी एवं ग्रामीणों का आरोप है कि जब से बिजली विभाग में अघोषित कटौती की है समस्या अधिक बढ़ गई है भीषण गर्मी में कूलर पंखे न चलने से लोग परेशान है और पानी भी नहीं भर पा रहे हैं ऐसे में बिजली अधिकारियों को फोन लगाकर पूछते हैं तो अधिकांश फोन ही नहीं उठाते जिससे लोग अपनी समस्याएं किसको कहें मेंटेनेंस और लाइन बिछाने के नाम पर घंटो की कटौती की जाती है ऐसे में नगर वासी एवं ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है बिजली के बिल तो समय पर चाहिए लेकिन 24 घंटे बिजली देने में परहेज क्यों जो सरकारी भवन एवं कार्यालयों में लाखों रुपए बिजली बिल बकाया रहते है उनकी बिजली कभी नहीं काटी जाती जो समय पर बिल जमा करते है उनको ही अधिक समस्या उठानी पड़ती है। लाइनमैन डायरेक्ट बिजली चोरी कराकर लोगों को बिजली जलवाते है और ग्रामीण क्षेत्रों की तो रीडिंग लेने भी नहीं जाते और ना ही हर महीने बिल देते है ऐसे में उनकी बिजली काट दी जाती है ये कहा का इंसाफ है जिम्मेदार अधिकारी को हरिभूमि पत्रकार सुरेन्द्र जैन ने कई फोन लगाए लेकिन फोन ही नहीं उठाते है तो आम नागरिक को कितनी समस्या होती होगी।

## पार्श्व जैन मिलन ने विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया भारतीय जैन मिलन का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



समाज सेवी संस्था मैं अग्रणी संस्था पाश्र्व जैन मिलन ने भारतीय जैन मिलन के 61वे स्थापना दिवस को बड़ी धूम-धाम से मनाया। राष्ट्रीय मंत्री नरेश चंद्र जैन, शाखा अध्यक्ष मनीष जैन, मंत्री दीपक जैन मलावनी ने बताया कि भारतीय जैन मिलन के स्थापना के 60 बर्ष पूर्ण हो चुके भारतीय जैन मिलन की स्थापना दो मई 1966 को देहरादून में हुई थी तभी से समाज के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए 61वें बर्ष में प्रवेश कर रहीं हैं। आज तक भारत के अलावा आठ अन्य देशों में कुल 1517 शाखा काम कर रहीं हैं। पाश्र्व जैन मिलन ने स्थापना दिवस पर सोनी कालोनी स्थित जैन मंदिर में प्रातः विश्व शांति हेतु अभिषेक शांति धारा की। इस उपलक्ष्य में सुप्रसिद्ध डाक्टर चिन्मय जैन (एमपीटी मणिपाल) बैंगलोर के सानिध्य में निशुल्क फिजियोथेरिपी केम्प का आयोजन पछाड़ी खेड़ा रोड क्लीनिक पर किया। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में डाक्टर चिन्मय जैन एवं सभी स्टाफ को पाश्र्व जैन मिलन साथियों ने माला एवं सम्मान पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया। इस निःशुल्क केम्प का उदघाटन राष्ट्रीय मंत्री वीर नरेश चंद्र जैन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर सुभाष जैन कैंची ने किया पाश्र्व जैन मिलन के मंत्री दीपक मलावन, कार्यक्रम संयोजक कमलेश कुमार जैन, नेशनल संजीव जैन महावीर टी राजेश जैन सहित सभी साथी उपस्थित रहे।

## शहर के मध्य पेड़ लगाए, पानी देने की भी जिम्मेदारी उठा रही नपा



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शहर को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए नगर पालिका द्वारा शहर के बीचो-बीच जो डिवाइडर बनाए गए हैं उन डिवाइडरों में विभिन्न प्रजाति के पेड़ लगाए गए हैं। अब यह पेड़ धीरे-धीरे बड़ा आकार लेते जा रहे हैं पेड़ लगाने के साथ नगरपालिका इन पेड़ों को पानी देने की जिम्मेदारी भी खूब निभा रही है। शहर में प्रतिदिन एक टैंकर इसी कार्य के लिए रखा गया है कि जितने भी स्थान पर नगर पालिका द्वारा पेड़ लगाए गए हैं उक्त स्थानों पर पानी देने का काम किया जाए। नगर पालिका के टैंकर बारी-बारी से पेड़ों को पानी दे रहें हैं जिससे यह पेड़ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और शहर के हरियाली को बढ़ाने में सहायक हो रहे हैं। इन पेड़ों को लगाने से पहले नगर पालिका द्वारा जानवरों से बचाने के लिए फेंसिंग भी की गई थी जिससे पेड़ सुरक्षित दिखाई दे रहे हैं कलेक्ट्रेट रोड पर अस्पताल चैराहे तक पूरे पेड़ सुरक्षित देखे जा सकते हैं और यहीं स्थिति एचडीएफसी चैराहे पर ओवर ब्रिज तक बने डिवाइडर पर नजर आ रही है। आने वाले समय में भी नगर पालिका को शहर के जितने भी स्थान खाली हैं उन सब पर इसी तरह का पौधारोपण किया जाना चाहिए।

### भोपाल-जोधपुर ट्रेन 14 मई तक निरस्त रहेगी यात्री होंगे परेशान

**अशोकनगर।** भोपाल से जोधपुर की बीच चलने वाली नियमित भोपाल-जोधपुर ट्रेन 3 मई से 14 मई तक निरस्त रहेगी। रेलवे ने इस ट्रेन के निरस्त होने की वजह नॉन इंटरलॉकिंग कार्य जयपुर रेल मंडल के अंतर्गत कनकपुर स्टेशन पर चलने के कारण इस ट्रेन को निरस्त करने का कारण बताया है। भोपाल-जोधपुर ट्रेन 3,4,5,8,12,13 एवं 14 मई को निरस्त रहेगी, यानि 6,7,9,10,11 मई को यह ट्रेन चलेगी। जबकि जोधपुर भोपाल ट्रेन 2,3,4,7,11,12 और 13 मई को निरस्त रहेगी, इस ट्रेन के बंद होने से शादी विवाह के दिनों में और ग्रीष्म कालीन अवकाश में लोगों को आवागमन समस्याओं का सामना करना पडेगा, क्योंकि इस रूट पर कोई दूसरी ट्रेन नहीं है, जबकि रेल विभाग चाहता तो इस ट्रेन को भोपाल कोटा तक चला सकता था लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

### 6 गाय झुलसीं, करीब 3 लाख का सामान जलकर खाक

## हादसाः शॉर्ट सर्किट से टीन शेड में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ईसागढ़

तहसील ईसागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत श्यामाटोरी के चक्क ढहर में लखवीर सिंह सिख के टीन शेड में बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमे 13 गाय बंधी हुई थी जिनमें से 6 गाय बुरी तरह झुलस गईं। साथ ही टीन शेड में रखा सामान चार बोरी गेहूं ,दो डाला भूसा एवं 17 बोरी गायों को खिलाने 2 बोरी चना एक कुंटल सोयाबीन 19 पाइप, मेटी, बांस, सरसों की खली, सब जलकर खाक हो गया। इसकी सूचना तहसील एवं पुलिस को दी इसके बाद भी घटना स्थल पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों ने मिलकर पंचनामा बनाया और मीडिया को अवगत किया। तब इस घटना के बारे में अधिकारियों को फोन लगाकर



जानकारी लेनी चाही तो जिम्मेदार अधिकारियों ने फोन भी नहीं उठाया। उनको किसी की कोई चिंता नहीं जबकि शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा क्षेत्र की हर घटना पर अपडेट बने रहना चाहिए। कोई फोन आता है तो उसको वापिस फोन लगाकर पूछना चाहिए लेकिन यहां ऐसा कुछ देखने नहीं मिल रहा है।

### अशोकनगर के दो केंद्रों पर नीट परीक्षा आयोजित

**अशोकनगर।** नीट परीक्षा 2026 को लेकर अशोकनगर जिला मुख्यालय पर दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे, इन दो परीक्षा केन्द्रों पर दो से पांच बजे तक परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षार्थिंयों को केन्द्र पर प्रवेश का समय दोपहर 11 बजे से तय किया गया था। यह परीक्षा शासकीय नेहरू महाविद्यालय और शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर विद्यालय पर आयोजित की गई। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश से पहले सघन जांच की गई। इस दौरान पहले परीक्षार्थियों के दस्तावेजों की जांच पड़ताल की गई, पर्स, पैसे बैग और लाया गया सभी सामान बाहर रखवाया गया। दोनों ही केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। इस परीक्षा में दोनों ही केन्द्रों पर 846 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर में बनाए गए परीक्षा केन्द्र पर 480 परीक्षार्थियों में से 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, 473 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इसी प्रकार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर विद्यालय पर बनाए गए केन्द्र पर 366 परीक्षार्थियों को भाग लेना था जिसमें 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे 357 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।

## चंदेरी पुलिस ने आईपीएल सट्टा के प्रकरण में किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

थाना चंदेरी द्वारा आईपीएल सट्टा के प्रकरण मे बड़ा खुलासा करते हुये आरोपी दीपक धाकड़ की ऐजेन्ट आई.डी. व अन्य 52 क्लाइन्ट आईडीयों मे करोड़ो के सट्टे का खुलाशा करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 30 अप्रेल को थाना चन्देरी अंतर्गत सूचना प्राप्त हुई कि बायपास रोड चंदेरी स्थित तिलक ढाबा के समीप दो व्यक्ति अपने मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खेल रहे हैं एवं अन्य व्यक्तियों को भी सट्टा खिलवा रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल बताए गए स्थान पर दबिश दी गई, जहां दो संदिग्ध व्यक्तियों को मौके पर जितेन्द्र धाकड़ पुत्र वीरेन्द्र सिंह धाकड़, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम मनोहरपुरा, थाना पहाड़गढ़, जिला मुरैना एवं सौरभ सैन पुत्र राजेन्द्र सेन, उम्र 26 वर्ष, निवासी चंदेरी रोड, मुंगावली के कब्जे से तीन मोबाइल फोन एवं एक महिन्द्रा कार जप्त की गई। मोबाइल फोन की तकनीकी जांच करने पर ऑनलाइन सट्टा संचालन से संबंधित लिंक, विभिन्न आईडी एवं लगभग एक करोड़ रुपये के लेन-देन से संबंधित विस्तृत डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हुए। आरोपियों द्वारा संगठित तरीके से आईपीएल मैचों पर सट्टा संचालित पाये जाने पर थाना चंदेरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियो से पूछताछ की तो उन्होने सट्टा आईडी अन्य आरोपी दीपक धाकड़ निवासी केलारश मुरैना से लेना बताया बाद आरोपी दीपक धाकड़ को केलारश मुरैना से गिरफ्तार किया बाद तीनो आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया। आरोपी सौरभ सेन को जैल दाखिल कराया अन्य आरोपी दीपक व जितेन्द्र को पीआर पर पूछताछ की पूछताछ के दोरान आरोपी दीपक धाकड़ की ऐजेन्ट आईडी व अन्य 52 क्लाइन्ट आईडी मे एक करोड़ रुपये से अधिक का लेन देन पाया गया है जिसमें तकनीकी संसाधनों से गहन विवेचना जारी है।